Regarding establishment of Paper industry in Sheohar Parliamentary Constituency

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर के महत्वपूर्ण विषय को माननीय उद्योग मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहती हूं । शिवहर बिहार का एक छोटा जिला होने के कारण तीन ओर से सीतामणी, मुजफ्फरपुर और मोतीहारी से जुड़ा है और एक तरफ नेपाल से भी जुड़ा है । शिवहर संसदीय क्षेत्र में गरीबी और पिछड़ेपन के कारण यहां से मजदूरों का पलायन बहुत अधिक होता है । इसका मुख्य कारण जिले में किसी मुख्य उद्योग का न होना है । मजदूरों के पास काम नहीं है । उन्हें रोजी-रोटी की समस्या रहती है । शिवहर में कागज फैक्टरी की संभावना है । यदि वहां कागज फैक्टरी की स्थापना हो जाती है, तो मजदूरों का पलायन तो रुकेगा ही, साथ ही स्थानीय लोगों को कुछ व्यवसाय के अवसर भी मिलेंगे और राज्य को अधिक राजस्व की प्राप्ति भी होगी ।

अत: मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि इस विषय को संज्ञान में लेकर शिवहर में जल्द से जल्द कागज फैक्टरी स्थापित करने की कृपा की जाए ।